गर्मी से पहले अलर्ट : हर गांव तक पानी की प्लानिंग, संकट वाले क्षेत्रों पर खास फोकस

▶ ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

रतलाम। आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेयजल व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना, ईई पीएचई एस.आर. जान्गले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संभावित जल संकट वाले क्षेत्रों और बसाहटों की पहचान कर वहां समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर ब्लॉकवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि

किसी भी क्षेत्र में पेयजल की कमी न हो। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन गांवों में पानी का परिवहन करना पड़ सकता है, वहां पहले से ही टैंकरों की व्यवस्था और जल स्रोत चिन्हित कर लिए जाएं। साथ ही सभी ब्लॉक स्तर पर समितियों की बैठक आयोजित कर स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्ययोजना बनाई जाए।

हैंडपंपों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर ने सभी हैंडपंपों की जांच कर खराबियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। जिन हैंडपंपों का पानी पीने योग्य नहीं है, उन्हें लाल निशान लगाकर चिन्हित करने और ग्रामीणों को इसकी जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ब्लॉक और नगरीय निकाय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके।

टैंकर एवं जल स्रोत चिन्हित करने के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन गांवों में पेयजल परिवहन की आवश्यकता हो सकती है, वहां के लिए पूर्व से ही टैंकर एवं जल स्रोत चिन्हित कर लिए जाएं। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय समितियों की बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

30 घंटे बाद मिले आश्वासन पर माने, धरना खत्म

▶ 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण का मिला आश्वासन, सौंपा ज्ञापन

रतलाम। मह्-नीमच फोरलेन पर चल रहा करणी सेना परिवार का विरोध प्रदर्शन अब समाप्त हो गया हैं। करीब 30 घंटे बाद मांगों मिले आश्वासन पर माने और धरना समाप्त हो गया।

11 सूत्रीय मांगों के निराकरण का आश्वासन मिलने और 14 साल की नाबालिग की तलाश किए जाने के बाद जीवनसिंह शेरपुर ने धरना खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही फोरलेन पर डटे करणी सैनिक सड़क से उठ गए। बता दें धरना मंगलवार से शुरू हुआ और बुधवार को शाम तक चला। इस बीच करणी सेनिकों ने मंगलवार रात को महू नीमच फोरलेन पर टेंट लगाया, खाना बनवाया इसके साथ

ही सड़क पर बिस्तर लगाकर सो गए। करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर ने कहा हम कोई उपद्रव नहीं कर रहे हैं। कलेक्टर मैडम आएं...हमारी बात सुने। जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाएगी। हम यहीं सड़क पर बैठे रहेंगे। जीवन सिंह ने कहा कि कलेक्टर मैडम ज्यादा व्यस्त कलेक्टर के नहीं मिलने पर जीवन सिंह ने कहा हम हमारी संवैधानिक बात रखना चाहते थे। लेकिन कलेक्टर मैडम ने ज्यादा बिजी होगीं। नहीं मिलने के सवाल पर कहा कि यह उनका निजी विषय है। अधिकारी का तो आदेश चलता है। उन्होंने यह नहीं स्वीकारा कि हम इस प्रदेश व इस देश के नागरिक हैं। उनके जिले के लोग हैं। अगर वह आतीं तो हम और समस्या को अच्छे से रखते। कुछ अधिकारियों की शिकायत भी करते। उन्होंने लोकतंत्र को समाप्त कर दिया। मिलने से रोका। इसलिए यही धरना देना पड़ा। जीवन सिंह ने कहा कि दो माह से एक 14 साल की नाबालिग गुमशुदा थी। परिजन पुलिस के चक्कर काट कर धक गए थे। हमने धरने में प्रमुख मांग बालिका को तलाशना था। धरना देते ही बालिका को तलाश लिया। क्या हर बालिका के गायब होने पर धरना देना पड़ेगा क्या। मांगो के निराकरण का आश्वासन मिला है। धरना समाप्त कर रहे हैं।

वहीं अपर कलेक्टर डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव ने बताया 11 बिंदु को लेकर प्रोटेस्ट किया जा रहा था उन पर कार्रवाई से अवगत कराया है। कल भी हमने सारी कार्रवाई को लेकर उन्हें बताया था। लेकिन वह संतुष्ट नहीं थे। जो बिंदु है उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

11 सूत्रीय मांगों के लिए कलेक्टर से मिलना चाहते थे

11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर करणी सेना के लोग जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे थे। जिन्हें रतलाम शहर से बाहर डोसी गांव फोरलेन पर पुलिस ने रोक दिया था। शहर के सभी इंट्री प्वाइंट पर पुलिसबल तैनात था। प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट जाने से रोका था। करणी सैनिकों ने कलेक्टर मिशा सिंह से ही मिलने की बात कही। कलेक्टर के नहीं आने पर सभी सड़क पर बैठ गए थे। दिनभर रोड पर रोड बंद रहा। दिन भर में कई बार अधिकारियों व जीवनसिंह शेरपुर की बीच बात हुई। लेकिन सभी कलेक्टर से ही मिलना चाहते थे।

कलेक्टर ने प्रभारी डीईओ अनीता सागर को हटाया, अशोक लोढ़ा को कमान

नवभारत न्यूज

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह ने जिला शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर आरएमएसए (राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान) के परियोजना समन्वयक अशोक लोढ़ा को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आगामी आदेश अथवा नियमित पदस्थापना होने तक अशोक लोढ़ा इस पद का अतिरिक्त प्रशासकीय एवं वित्तीय प्रभार संभालेंगे। आदेश में यह भी उल्लेख है कि उन्हें विभागीय कार्यों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, शिक्षा विभाग में लंबे समय से कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। कलेक्टर की इस कार्रवाई को प्रशासनिक सख्ती और व्यवस्था सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अशोक लोढ़ा पर जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की बड़ी चुनौती होगी। वहीं इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हलचल तेज हो गई है और अन्य अधिकारियों में भी जवाबदेही को लेकर संदेश गया है।

पुलिस ने गुम हुए 3 बालक-बालिकाओं को परिजनों से मिलाया

जावरा। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराज सिंह चौहान के निर्देशन में थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा अंतर्गत पुलिस चौकी सरसी क्षेत्र के ग्राम सरसी में आयोजित चुल तेरस मेला-2026 का शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया गया। दिनांक 11 मार्च से 17 मार्च 2026 तक आयोजित इस मेले में प्रतिदिन लगभग 10 से 15 हजार श्रद्धालुओं/आगंतुकों ने सहभागिता की। मेले में घरेलू उपयोग, खिलौने, सजावटी एवं खान-पान से संबंधित 150 से अधिक दुकानों के साथ-साथ आकर्षण के लिए विभिन्न झूले एवं मनोरंजन साधन स्थापित किए गए थे। पुलिस के अनुसार मेले की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए के लिए यह किए इंतजाम । 100 से अधिक पुलिस बल की तैनाती। पैट्रोलिंग वाहन एवं चेक पोस्ट। ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी। अस्थायी पुलिस चौकी/कंट्रोल रूम की स्थापना। चिकित्सा दल, फायर फाइटर एवं ग्राम/नगर सुरक्षा समिति की सहभागिता शामिल रहे।

विशेष उपलब्धि: मेले के दौरान भीड़भाड़ के बीच गुम हुए 03 बालक-बालिकाओं (जिनकी उम्र 7 वर्ष से 11 वर्ष के बीच) को पुलिस की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा तैनात बल की सजगता एवं सतत निगरानी के कारण यह कार्य शीघ्रता से संभव हो सका ।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र जावरा निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान, चौकी प्रभारी सरसी उप निरीक्षक शिवेन्द्र कुमार, प्रियंका चौहान, सहायक उप निरीक्षक रावजी डामोर, प्र आ दिलीप शर्मा, हेमन्त लिंबोदिया, आर हरदीप जाट, भूपेन्द्र सिंह सहित समस्त पुलिस बल, मेला समिति एवं अन्य संबंधित टीमों का सराहनीय योगदान रहा।

एक नजर में

एक जिला एक उत्पाद समिट 22 को, एमएसएमई मंत्री काश्यप होंगे मुख्य अतिथि

रतलाम। जिले के सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं रतलामी नमकीन उद्योग से जुड़े व्यवसायियों के समग्र विकास,विपणन विस्तार तथा प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 22 मार्च रविवार को रतलाम में एक दिवसीय ओ डी ओ पी यानि एक जिला एक उत्पाद समिट आयोजित की जाएगी। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप समिट के मुख्य अतिथि होंगे। समिट का आयोजन होटल बालाजी सेन्ट्रल, सैलाना रोड, रतलाम में होगा ।एमएसएमई के आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय नमकीन एवं खाद्य उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, उद्योगों को बड़े ब्रांड्स एवं संगठित बाजारों से जोड़ना तथा शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना है, जिससे रतलामी पहचान को मजबूत किया जा सके ।उन्होंने बताया कि एक जिला एक उत्पाद के संवर्धन, बाजार पहुंच, निर्यात के अवसर उपलब्ध कराने, उनकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों को मार्गदर्शन भी दिया ।नवीन तकनीक से परिचित कराने एवं पैकेजिंग में सुधार संबंधी मार्गदर्शन के अलावा के नमकीन उत्पादों के लिए ह्ढ्ढ टैग पंजीयन की जानकारी भी दी जाएगी। समिट में हल्दीराम एवं आकाश जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स से जुड़ने का अवसर भी स्थानीय उद्यमियों को मिलेगा। डी-मार्ट एवं रिलायंस जैसे बड़े रिटेल नेटवर्क तक पहुंच बनाने का यह मंच होगा । फ्लिपकार्ट एवं अमेजन के माध्यम से डिजिटल बाजार में विस्तार के अवसरों पर भी विमर्श होगा। इस दौरान एमएसएमई योजनाओं, स्टार्टअप पॉलिसी एवं अन्य शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। आयोजन में पैकेजिंग, खाद्य गुणवत्ता, लॉजिस्टिक, ई-कॉमर्स, ब्रांड, विधि इत्यादि क्षेत्रों से विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।

दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी

रतलाम। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के दो मामले सामने आये हैं। दोनों ही मामलों में आत्महत्या का प्रारंभिक कारण अज्ञात बताया जा रहा है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों ही मामले में मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पहला मामला स्टेशन रोड थाना अंतर्गत होमगार्ड कॉलोनी में रहने वाले 28 वर्षीय विशाल पवार (पिता मंगलेश पवार) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया ।स्थानीय समाचार वही, आत्महत्या की दूसरी घटना कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रानीगांव से सामने आई है। यहाँ मोहन पाटीदार पिता रणछोड़ पाटीदार, उम्र 45 वर्ष ने अपने निवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीण पुलिस ने मौके का मुआयना कर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या कारणों का पता चलेगा।

अनियंत्रित लोडिंग गुमटी में घुसा, मालिक की मौत

जावरा। ग्राम परवलिया के समीप फोरलेन किनारे चाय की गुमटी में एक लोडिंग पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर घुस गया, गुमटी मालिक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार रात को परवलिया के यहां मंदसौर तरफ से मंडी में माल खाली कर आ रहा पिकअप लोडिंग वाहन एमपी 41 जेडजे 5704 तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे बनी चाय की गुमटी में घुस गया। मालिक बंकटलाल पिता रतन लाल उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर ढोढर चौकी आरक्षक शोभाराम शर्मा मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से जावरा अस्पताल भिजवाया। जहां से उसे रतलाम रेफर किया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लोडिंग वाहन को जप्त कर चौकी पर खड़ा करवाया और उसमे सवार बाईबाड़ी थाना गोपाल पुर जिला सीहोर निवासी चालक को गिरफ्तार किया।

परमाल के निधन पर दी श्रद्धांजलि

जावरा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता करणसिंह परमाल (नीमच) के निधन का समाचार रतलाम जिले तथा जावरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के लिए दुखद समाचार है। क्योंकि परमाल लंबे समय से विद्यार्थी परिषद, भाजपा युवा मोर्चा तथा भाजपा के लिए सक्रियता से कार्य करते रहे हैं और वर्षों तक नीमच क्षेत्र में पूर्व वरिष्ठ सासंद स्व.डा लक्ष्मीनारायण पाण्डेय के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्यरत रहे हैं। निधन पर विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला महामंत्री महेश सोनी, मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा, दिनेश पाटीदार, मांगीलाल पांचाल, राजेन्द्रसिंह देवड़ा, रितेश जैन ने दुख व्यक्त करते हुए परमपिता परमात्मा से उनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए श्री परमाल को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

यज्ञ महोत्सव : कन्या पूजन हुआ, आज हवन-यज्ञ से शुभारंभ

नवभारत न्यूज

नामली। धार्मिक नगरी में स्थित वर्षों पुरानी संत-महात्माओं की तपोभूमि बाबा जी कुएं पर इन दिनों आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। नवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार शाम को विधि-विधान के साथ कन्या पूजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

गुरुवार को इस पवित्र स्थल पर आश्रम के शुभारंभ को लेकर विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यज्ञशाला में विधिपूर्वक हवन-यज्ञ संपन्न होगा, जिसमें हनुमान जी के नाम से आहुतियां अर्पित की जाएंगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर तपस्वी ब्रह्मचारी फलाहारी पूज्यनीय श्री गणेश दास जी महाराज गुरुदेव के सान्निध्य में विश्व कल्याण की कामना से हवन-यज्ञ किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस प्रकार के यज्ञ-हवन से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं, ताकि सभी भक्तजन सुगमता से धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बन सकें। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। आश्रम के शुभारंभ के साथ ही यह स्थान भविष्य में धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर होगा।

बैंकर्स समिति डीएलसीसी की बैठक संपन्न

रतलाम। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में डीएलसीसी/डीएलआरसी की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व डीएलसीसी/ डीएलआरसी एवं एसीपी की बैठक में लिए गये निर्णय की प्रगति पर चर्चा की गई, जिसमें जिले का सीडी रेशो-138 प्रतिशत होने पर सीईओ सुश्री जैन द्वारा बैंकों की प्रशंसा की गई । बैठक में आरबीआई से धीरज गुप्ता, डीडीएम नबार्ड एन के सोनी, एलडीएम मोहन लाल मीना, आरसेटी निर्देशक दिलीप सेठिया सहित शासकीय विभागों के अधिकारी/बैंक समन्वयक उपस्थित थे।

चैत्र नवरात्रि मेले को भव्य बनाने राधा काग को मेला समिति की सौंपी कमान

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर में आगामी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले पारंपरिक मेले को लेकर नगर परिषद और मेला समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। इस बार मेले को और अधिक व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद राधा बद्रीलाल काग को मेला समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

बुधवार को नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) मनोज शर्मा ने कालिका माता मंदिर पहुंचकर मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नगर परिषद द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के लिए विशेष योजना भी तैयार की जा रही है।

इस मौके पर मेला समिति अध्यक्ष राधा बद्रीलाल काग, पार्षद मीरा राजेश पाटीदार, पुष्पा ईश्वर लाल राठौड़, आशा किशोर कसेरा, मंगलेश कसेरा, कुलदीप कुमावत, मुकेश पाटीदार, विशाल धभाई, मेला प्रभारी धीरज रावत, भीमसेन लहरी, धन्नालाल परमार, शैलेन्द्र सिंह राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आज से जिले में शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

▶ कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, जनसहभागिता से संवरेंगे जल स्रोत

नवभारत न्यूज

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल स्तर को सुधारने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कार्ययोजना बना कर कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जल संवर्धन अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली जैन, नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु किया जा रहा है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा जाएगा । यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 19 मार्च को जिले के प्रत्येक नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत में कम से कम एक जल संरक्षण कार्य का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत शासकीय विभागो के साथ जनसहभागिता से काम पूरे किए जाएं।

कलेक्टर ने शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही, जिले के पारंपरिक जल स्रोतों जैसे कुओं और बावडियों को फिर से जीवित करने के लिए उन्हें रिचार्ज करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश नगरीय निकाय सी एम ओ एवं जनपद सीईओ को दिए । श्रीमती सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी पुरानी या नई जल संरचनाएं बनी हैं, उनके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से रेडियम पेंट करवाया जाए ताकि रात के अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओ से बचाव हो सके।

बुरी नियत से छेड़छाड़ करने वाले पर 3 वर्ष का कठोर कारवास व अर्थदंड से अधिक

जावरा। विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायालय परमानंद चौहान ने आरोपी विजेश पिता हिरालाल कुमावत उम्र 21 वर्ष नि. चारभुजा मन्दिर के पास मावता को 3 वर्ष का कठोर कारवास एवं 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडीत किया है। प्रकरण में अति. डीपीओ विजय कुमार पारस ने बताया कि दिनांक 8 दिसंबर 2023 को अभियोक्त्री ने रिपोर्ट की कि मै कक्षा 12 वी में पढी हूँ। अभियुक्त मुझे करीब छः माह से परेशान कर रहा है, मै पहले उसे भाई समझ कर बात कर लिया करती थी। वह मेरे प्रति गलत सोच रखने लगा था। इसलिये मैने उससे बात करना बंद कद दी, तो मेरी सहेली से कहता था मुझसे बात करवा दे तब भी मैने उससे बात नहीं की। जब मैं स्कुल आती-जाती हु मेरा पीछा करता था। मुझसे बात करने का दबाव बनाता था। उसने बात करने के लिये एक मोबाईल भी दिया था। तो मैने यह बात अपने पापा को भी बताई थी और उसका मोबाईल उसे वापस कर दिया था। अभियुक्त को मेरे पापा ने समाज वालो के कहने पर समझाया था, पर वह कुछ दिन ठीक से रहा और फिर से मुझे परेशान करने लगा। फिर से मेरे घर वालो ने अभियुक्त को समझाने के लिए अपने घर बुलाया तब उसके परिवार वालो के सामने ही अभियुक्त को समझाया तो उसने मेरे घर वालो के सामने ही बुरी नियत से हाथ पकडा, पापा और भाई ने उसे चिल्लाया और रिपोर्ट करने का बोला तो वह घर से भाग गया। कई बार समझाने के बावजुद अभियुक्त की आदतों में कोई सुधार नहीं होने के कारण अभियोक्त्री द्वारा अपने माता-पिता के साथ थाना कालुखेडा में रिपोर्ट दर्ज करवाई। विवेचना के दौरान अभियोक्त्री व उसके परिजानों के कथनों में अभियुक्त द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी देने की बात सामने आने पर धारा 506 भादवि का का ईजाफा किया गया। प्रकरण में आए साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए, धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारवास एवं 2000 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 354 भादवि एवं धारा 11, 12 पॉक्सो एक्ट में 1-1 वर्ष का सश्रम कारवास एवं 1000-1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

एक नजर में — अलमारी तोड़कर आभूषण किए थे चोरी

चोरी का खुलासा : सामान सहित आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रतलाम/ताल। फरियादी विनोद पिता सुरजमल परमार निवासी ताल ने थाना ताल पर मंगलवार को पहुंचकर रिपोर्ट किया कि मेरे घर से अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

बताया कि आलमारी में रखी सोने की दो चुडिया किमती 1,00,000 रुपये की चुराकर ले गया है जो थाना ताल पर अपराध क्र. 140/26 धारा 331(3),305 (ए) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधियो की धरपकड कर चोरी गये माल मश्रुका की बरामदगी के लगातार निर्देश दिये जा रहे है जो निर्देशो के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी श्रीमती पल्लवी गौर के निर्देशन मे टीम गठित की गई । गठित टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करते कैमरो मे एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जो संदिग्ध व्यक्ति की तलाश एवं चोरी गया मश्रुका बरामदगी हेतु अलग अलग टीमे अलग अलग दिशा मे भेजी गई जो करवाखेडी रोड बस स्टेंड ताल पर घेराबन्दी कर घटना के दो घंटे के भीतर ही सन्देही को पकडा जिसका नाम पता पुछते राधेश्याम पिता मांगीलाल तँवर निवासी छापीहेडा जिला राजगढ (म.प्र.) का होना बताया व आरोपी राधेश्याम से चोरी गया मश्रुका जप्त किया जाकर आरोपी राधेश्याम (50) निवासी ग्राम कुम्हार मोहल्ला छापीहेडा थाना छापीहेडा जिला राजगढ़ (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया व अन्य सम्पत्ति सम्बन्धित अपराधो मे पुछताछ की जा रही है।

इनका रहा विशेष योगदान : निरी. स्वराज डाबी थाना प्रभारी, उपनिरी. मोहम्मद अय्युब खाँन, केके सिंह सउनि पंकज भम्भोरिया, आर. शान्ती लाल, राहुल पाटीदार।

आपराधिक रिकार्ड

1. थाना छापीहेडा जिला राजगढ अपराध क्र. 51/2010 धारा 13 जुआ एक्ट
2. थाना छापीहेडा जिला राजगढ अपराध क्र 30/2023 धारा 34 आब. अधि.
3. थाना नीमच केंट जिला नीमच अपराध क्र. 147/2025 धारा 331(3), 305 (ए) बीएनएस